-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 02.07.2024

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

❖ **थाना बदौसा की साइबर क्राइम टीम द्वारा साइबर ठगी का शिकार हुए व्यक्ति के ₹ 45133/ कराये गये वापस।** **लालच में आकर अनजान लिंक पर क्लिक करने पर व्यक्ति के साथ UPI के माध्यम से हुई थी ₹ 91000/ की साइबर ठगी।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में साइबर अपराधों की रोकथाम तथा साइबर अपराधों से बचाव के प्रति लोगों को जागरुक करने के उद्देश्य से की जा रही कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 02.07.2024 को थाना बदौसा की साइबर टीम द्वारा साइबर ठगी का शिकार हुए व्यक्ति के ₹ 45133/ वापस कराये गये। गौरतलब हो कि दिनांक 14.01.2024 को थाना बदौसा क्षेत्र के ग्राम दुबरिया के रहने वाले सलमान सौदागार के साथ साइबर ठगों द्वारा साइबर ठगी की गई थी। सलमान YouTube पर एक विज्ञापन देखा जिसमें बहुत कम दाम पर जैकेट खरीदने का प्रचार दिखा रहा था। सलमान ने विज्ञापन पर दिए गए नम्बर पर कॉल किया तो साइबर ठग ने एक लिंक भेजा और कहा कि इसे ओपन करके अपनी डीटेल भर दो बहुत कम दाम में आपको अच्छी जैकेट मिल जायेगी। सलमान ने अनजान लिंक पर जैसे ही विवरण भरे उसके खाते से UPI के माध्यम से ₹ 91000/ कट गये। इसकी शिकायत सलमान द्वारा थाना बदौसा पर की गई। थाना बदौसा की साइबर टीम द्वारा तत्परतापूर्वक कार्यवाही करते हुए आज दिनांक 02.07.2024 को सलमान के ₹ 45133/ वापस कराये गये। शेष धनराशि की रिकवरी के प्रयास किए जा रहे है। पुलिस द्वारा साइबर ठगों को भी ट्रेस करने का प्रयास किया जा रहा है। सभी से अपील है कि पिन, ओटीपी आदि किसी से शेयर न करें तथा किसी अनजान लिंक को ओपेन न करें। यदि किसी के साथ साइबर ठगी होती है तो इसकी शिकायत तत्काल साइबर क्राइम हेल्पलाइन 1930 या नजदीकी थाने में करें।

साइबर क्राइम टीम-

1. प्र0उ0नि0 प्रवेश कुमार
2. कम्प्यूटर ऑपरेटर संजय वर्मा
3. म0कां0 शिक्षा राठौर